रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 301] नई दिल्ली, शुक्रवार, जुलाई 28, 2017/श्रावण 6, 1939
No. 301] NEW DELHI, FRIDAY, JULY 28, 2017/SRAVANA 6, 1939

indiacode

गुरू घासीदास विश्वविद्यालय

[केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 (2009 का 25) द्वारा स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय]

अधिसूचना

बिलासपुर, 26 जुलाई, 2017

सं. 220/अकादमी/2017.—केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 की धारा 28(2) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग कर सक्षम प्राधिकारी के पूर्वानुमोदनोपरांत कुलपति के द्वारा निर्मित विश्वविद्यालय के निम्नानुसार अध्यादेशों को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है –

अध्यादेश क्रमांक – 01

विद्यापीठ मण्डल, इसकी शक्तियां व कार्य एवं अधिवेशन का आयोजन

[केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 – धारा 28(1)(ण) एवं परिनियम 15(3),15(4)]

विद्यापीठ मण्डल का गठन

(1) प्रत्येक विद्यापीठ मण्डल में निम्नानुसार सदस्य होंगे –
- (i) विद्यापीठ का अधिष्ठाता, जो अध्यक्ष होगा ;
- (ii) विद्यापीठ में विभागों के अध्यक्ष ;
- (iii) विद्यापीठ के सभी आचार्य ;
- (iv) विद्यापीठ के प्रत्येक विभाग से एक सह आचार्य एवं एक सहायक आचार्य, वरिष्ठता के अनुसार बारी–बारी से ;
- (v) विद्या परिषद् द्वारा नामित विद्यापीठ के प्रत्येक विभाग से एक व्यक्ति, जो संबंधित विषय या विषयों में विशेष ज्ञान रखने वाले हों तथा विश्वविद्यालय से संसक्त न हों, बशर्ते कि विधि, वाणिज्य तथा प्रबंध अध्ययन विद्यापीठों, प्रत्येक में इस उप–कंडिका के अंतर्गत नामित किये गए सदस्यों की संख्या दो होगी।

(2) सदस्यों की पदावधि तीन वर्ष होगी

शक्तियां एवं कार्य

i) शिक्षण एवं शोध के मानकों के उत्कर्ष की योजनाओं पर विचार करना तथा ऐसे प्रस्ताव विद्या परिषद् को प्रस्तुत करना ;
- ii) अध्ययन पाठयक्रमों का अनुमोदन करना ;
- iii) परीक्षकों एवं अनुशोधकों के नामों की कार्य परिषद् को अनुशंसा करना ;
- iv) सतत मूल्यांकन की प्रक्रिया निर्धारित करना एवं सतत मूल्यांकन का अभिलेख संधारित करना ;
- v) विद्यापीठ में एम.फिल/पी.एचडी. पाठ्यक्रमों के लिए अभ्यर्थियों पर विचार तथा विद्यापीठ मण्डल को अनुशंसा करना;

vi) पी.एचडी. उपाधि के लिये किये जाने वाले शोध पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिये आवेदन पत्रों पर विचार करना;

vii) विद्यापीठ के विभागों की समय–सारिणी का समन्वयन करना ;

viii) एक से अधिक विभाग या विद्यापीठ से संबधित क्षेत्र या विषय अथवा ऐसे विषय जो विभाग या विद्यापीठ की क्षेत्र की परिधि में न हो, में शिक्षण व शोध कार्य सम्पादित करने हेतु समिति नियुक्त करना और ऐसी समितियों के कार्य का पर्यवेक्षण करना। ऐसी समितियों का गठन, शक्तियां तथा कार्य विनिमयों द्वारा निर्धारित किये जाएंगे ;

ix) सत्रीय कार्य के मूलयांकन के लिये सामान्य नियम निर्मित करना ;

x) विद्यापीठ के छात्रों के कल्याण से संबंधित प्रस्ताव पर विचार करना ;

xi) संबंधित विभाग/केन्द्र/विद्यापीठ के केन्द्र की अनुशंसा पर एम.फिल/पी.एचडी. पाठ्यक्रम के लिए पंजीकृत छात्रों के लिये निदेशकों या सलाहकारों को नियुक्त करना ;

xii) शोध उपाधियों के लिये अभ्यर्थियों द्वारा जमा किये गये शोध प्रबंधों के मूल्यांकन के लिये, कार्य परिषद् को अनुशंसा हेतु परीक्षकों के नामों पर विचार करना और उचित अनुशंसाएं करना ;

xiii) शोध उपाधि के लिये अभ्यार्थियों द्वारा जमा किये शोध कार्य के मूल्यांकन के लिये नियुक्त परीक्षकों के प्रतिवेदन पर विचार करना एवं उचित अनुशंसाएं करना ;

xiv) विश्वविद्यालय शोध छात्रवृत्ति प्रदान करने की अनुशंसा करना ;

xv) शैक्षणिक उद्देश्य के लिए किसी भी प्रकार के देय अवकाश के लिये प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार करना एवं अनुशंसा करना ;

xvi) विद्यापीठ के विभाग एवं उपरोक्त कंडिका (viii) में वर्णित समितियों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचारोपरान्त शैक्षणिक पदों के सृजन एवं लोप करने के लिये विद्या परिषद् को अनुशंसा करना;

xvii) विद्यापीठ में शोध को प्रोत्साहित करना एवं विद्या परिषद् के समक्ष शोध पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करना ;

xviii) अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित किसी प्रश्न, पर विचार करना तथा विद्या परिषद् को ऐसी अनुशंसाए करना, जैसी आवश्यक प्रतीत हो ;

xix) संकायाध्यक्ष या मण्डल के किसी अन्य सदस्य या किसी समिति को ऐसी सामान्य या विशेष शक्तियां प्रत्यायोजित करना, जैसी मण्डल द्वारा समय–समय पर विनिश्चित की जाएं ; तथा

xx) ऐसे अन्य सभी कार्य करना, जो कि अधिनियम, परिनियम या अध्यादेश द्वारा विहित किये गए हों और ऐसे सभी प्रकरणों पर विचार करना जैसे कार्य परिषद्, विद्या परिषद् या कुलपति द्वारा निर्दिष्ट किये जाए।

<u>विद्यापीठ मण्डल का अधिवेशन</u>

क) विद्यापीठ मण्डल का अधिवेशन या तो सामान्य या विशेष होगा।

ख) सामान्यतः एक सेमेस्टर में कम से कम एक बार अधिवेशन आयोजित होगा।

ग) विद्यापीठ मण्डल का विशेष अधिवेशन विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष द्वारा स्वयं की पहल पर आहूत किया जाएगा या कुलपति की सलाह पर या विद्यापीठ मण्डल के न्यूनतम 50 प्रतिशत सदस्यों के लिखित निवेदन पर आहूत किया जाएगा। विशेष अधिवेशन में पहले से अधिसूचित किये गए बिन्दुओं के अतिरिक्त पर विचार नहीं होगा। सभी सदस्यों, जिन्होंने विशेष अधिवेशन के लिए निवेदन किया हो, को अधिवेशन में उपस्थित रहना होगा।

घ) मण्डल के अधिवेशन, विशेष अधिवेशन के अतिरिक्त, की सूचना सामान्यतः अधिवेशन के लिए निश्चित दिवस के कम से कम दस दिन पूर्व निर्गत की जाएगी।

ङ) मण्डल के अधिवेशन की गणपूर्ति उसके 50 प्रतिशत सदस्यों से होगी।

ट) विनियमों द्वारा, मण्डल की अधिवेशन के संचालन के नियम, विहित किये जाएंगे।

अध्यादेश क्रमांक – 32
मानद आचार्यों, प्रतिष्ठित आचार्यों तथा अभ्यागत अध्येताओं की नियुक्ति के निबंधन और शर्तें
[केन्द्रीय विष्वविद्यालय अधिनियम 2009 – धारा 6(xvi) एवं 28(1)(ण)]

मानद आचार्य

(1) कार्य परिषद् किसी ऐसे उत्कृष्ट अध्येता या लब्धप्रतिष्ठ व्यक्ति, जिसकी विश्वविद्यालय से सहबद्धता से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिले, को दो वर्ष की अवधि के लिये मानद आचार्य के रूप में नियुक्त कर सकती है। तथापि यह अवधि केवल एक बार एक वर्ष के लिए बढाई जा सकती है।

(2) संबंधित विभाग का अध्यक्ष, विभाग के अपने सहशिक्षकों के परामर्श से, किसी व्यक्ति को मानद आचार्य के रूप में नियुक्त करने का प्रस्ताव कुलपति को भेज सकता है। कुलपति, स्वयं संतुष्ट होने के उपरांत, नियुक्ति की अनुशंसा विद्या परिषद् को करेगा तथा विद्या परिषद् की अनुशंसा पर कार्य परिषद् द्वारा नियुक्ति की जायेगी।

(3) 65 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने वाला व्यक्ति की मानद आचार्य के रूप में नियुक्ति नहीं हो सकेगी और न ही वह मानद आचार्य के रूप में सेवाएं दे पाएगा।

(4) मानद आचार्य से अपेक्षा की जाती है कि वे संलग्न किए गए विभाग की सामान्य शैक्षणिक गतिविधियों में सहबद्ध रहेगा। यद्यपि वह विभाग या विश्वविद्यालय की किसी समिति के सदस्य नहीं होगा। मानद आचार्य के प्रति विश्वविद्यालय की किसी प्रकार की वित्तीय प्रतिबद्धता या आवास सुविधा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी नहीं रहेगी।

अभ्यागत अध्येता

(i) विश्वविद्यालय के अंतर्गत एक या अधिक अध्ययन क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लब्धप्रतिष्ठित अध्येता को, कार्य परिषद् के अनुमोदन से कुलपति, एक वर्ष में चार माह से अधिक नहीं किंतु दो सप्ताह से कम नहीं, की अवधि के लिए व्याख्यान देने, सेमिनार में भाग लेने या विश्वविद्यालय के शिक्षण एवं शोध कार्य में किसी अन्य रूप में, जैसा उचित समझा जाए, सहभागिता के लिए आमंत्रित कर सकेंगे।

(ii) अभ्यागत अध्येता को मानदेय तथा आतिथेय, जैसा प्रकरण हो, निम्नांकित मानदण्डों के अनुसार दिया जा सकेगा –

अ अभ्यागत अध्येता, मूल संस्था से वेतन प्राप्त नही करने पर, को अभ्यागत आचार्य के समान भुगतान किया जाएगा।

ब अभ्यागत अध्येता, मूल संस्था से वेतन प्राप्त करने पर, को मुफ्त आवासीय सुविधा के साथ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मानकों के अनुसार समेकित राशि का भुगतान किया जावेगा।

(iii) देश के बाहर से अभ्यागत अध्येता को लघुतम सीधे मार्ग से किफायती श्रेणी में आने–जाने का हवाई किराये का भुगतान किया जा सकता है, बशर्ते कि प्रवास की अवधि न्यूनतम एक माह हो। देश के अंदर से अभ्यागत अध्येता को विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार यात्रा भत्तों का भुगतान किया जाएगा।

शिक्षाविदों के अलावा, अन्य क्षेत्रों जैसे उद्योग, व्यापार, व्यवसाय, पत्रकारिता, संगीत, साहित्य, दृश्य एवं प्रदर्शन कला के लब्धप्रतिष्ठ व्यक्तियों, जो विश्वविद्यालय से सहबद्धता चाहतें हो, को नियमानुसार अभ्यागत अध्येता के रूप में आमंत्रित किया जा सकता है।

प्रतिष्ठित आचार्य

1.अ. कार्य परिषद्, सेवानिवृत्ति के बाद विश्वविद्यालय के ऐसे आचार्य को प्रतिष्ठित आचार्य के अलंकरण से विभूषित कर सकती है, जो इस विश्वविद्यालय से न्यूनतम पंद्रह वर्ष की सेवा, जिसमें आचार्य के रूप में विश्वविद्यालय में न्यूनतम सात वर्ष की सेवा को मिलाकर, से सेवानिवृत्त हुआ हो।

ब. कुलपति, प्रतिष्ठित आचार्य के अलंकरण से विभूषण प्रदान करने की अनुशंसा विद्या परिषद् से कर सकता है और विद्या परिषद् की अनुशंसा पर कार्य परिषद् अलंकरण का विभूषण कर सकती है।

2. प्रतिष्ठित आचार्य के अलंकरण से उन्ही अध्येताओं को विभूषित किया जायेगा, जिन्होने अपने विषय में अपने प्रकाशित शोध कार्य तथा अध्यापन में उत्कृष्ट योगदान दिया हो।

3. प्रतिष्ठित आचार्य, जिस विभाग में संलग्न है उसके संरचनात्मक ढ़ाचें के भीतर, अकादमिक कार्य कर सकता है। उसे निजी कार्यालय या स्वतंत्र प्रयोगशाला जैसी किसी तरह की विशेष सुविधा नही दी जाऐगी और न ही वे विश्वविद्यालय या विभाग की किसी समिति के सदस्य होंगे।

4. प्रतिष्ठित आचार्य के प्रति विश्वविद्यालय की किसी प्रकार की वित्तीय प्रतिबद्धता या आवास सुविधा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी नहीं रहेगी।

5. प्रतिष्ठित आचार्य के अलंकरण का विभूषण जीवन पर्यन्त रहेगा।

अध्यादेश क्रमांक – 35
कुलपति की परिलब्धियॉं, सेवा के निबंधन और शर्तें तथा अधिकार और कार्य
[केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 – धारा 28(1)(ण) तथा परिनियम 2(6)]

वेतन :–

1. वेतन : विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/केन्द्रीय सरकार द्वारा समय–समय पर यथा अधिसूचित।
2. महंगाई तथा अन्य भत्ते : मकान किराया भत्ता को छोड़कर केन्द्रीय सरकार द्वारा समय–समय पर यथा अधिसूचित।
3. कुलपति ऐसे सेवान्त फायदों और भत्तों का हकदार होगा जो केन्द्रीय सरकार द्वारा, समय–समय पर, नियत किये जाये।
4. कुलपति अवकाश यात्रा सुविधा का हकदार होगा, जो विश्वविद्यालय द्वारा, समय–समय पर, अनुमोदित की गई हो, जो भारत सरकार के नियमों के अनुरूप हो तथा यह हक भारत सरकार के सचिव के पद के समतुल्य होगा।
5. कुलपति चिकित्सीय व्ययों की प्रतिपूर्ति का हकदार होगा, जो कि उसके स्वयं तथा उसके परिवार के सदस्यों के, विश्वविद्यालय द्वारा मान्य किसी भी मान्यता प्राप्त चिकित्सालय/नर्सिंग होम के निजी बाह्य रोगी विभाग/निजी वार्ड में, चिकित्सा उपचार कराने के लिए खर्च हुआ हो। चिकित्सालय/नर्सिंग होम की सूची भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सूची में से होनी चाहिए।
6. कुलपति यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता के मद में, जो कि उसके स्वयं तथा उसके परिवार के सदस्यों पर, उसके गृह स्थान से कार्यस्थल तक तथा वापिसी पर, उसके पदभार ग्रहण तथा उसके कार्यकाल की समाप्ति पर पदभार त्याग, व्यय की प्रतिपूर्ति का हकदार होगा।
7. कुलपति ऐसी दरों से, जो कार्य परिषद् द्वारा नियत की जाये, यात्रा भत्ते के लिए हकदार होगा, जो भारत सरकार के नियमों के अनुरूप हो तथा यह हक भारत सरकार के सचिव के पद के समतुल्य होगा।

छुट्टी :–

1(अ). कुलपति, अपने पद के कार्यकाल के दौरान, किसी कैलेण्डर वर्ष में 30 दिन की दर से पूर्ण वेतन पर छुट्टी का हकदार होगा। छुट्टी, 15 दिन की दो अर्द्धवार्षिक किस्तों में प्रत्येक वर्ष जनवरी के प्रथम दिन तथा जुलाई के प्रथम दिन को अग्रिम रूप में उसके खाते में जमा कर दी जायेगी।

परन्तु यदि कुलपति किसी आधे वर्ष के चालू रहने के दौरान कुलपति का पदभार ग्रहण करता है अथवा पदत्याग करता है तो अनुपाततः सेवा के प्रत्येक सम्पूरित मास के लिए 2½ दिन की दर से छुट्टी को जमा किया जायेगा।

1(ब). कुलपति, के छुट्टी खाते में पूर्व अर्द्धवर्ष के अंत में जमा छुट्टी नये अर्द्धवर्ष में अग्रेनीत होगी, बशर्ते कि इस तरह अग्रेनीत छुट्टी तथा उस अर्द्धवर्ष के लिए जमा छुट्टी 300 दिन की अधिकतम सीमा को पार न करें।

1(स). कुलपति, अपने पद के पदभार के त्याग करने पर, पदभार के त्याग करने के समय उसको पूर्ण वेतन पर देय छुट्टी के दिनों की संख्या के समतुल्य छुट्टी वेतन का हकदार होगा, बशर्ते यह सीमा 300 दिन, उसके द्वारा अन्यत्र लिया गया छुट्टी नगदीकरण लाभ को मिलाकर, से अधिक न हो।

1(द). कुलपति, सेवा के प्रत्येक सम्पूरित वर्ष के लिए 20 दिन की दर से अर्द्धवेतन छुट्टी का भी हकदार होगा। अर्द्धवेतन छुट्टी का उपभोग चिकित्सीय प्रमाण पत्र के आधार पर पूर्ण वेतन पर लघुकृत छुट्टी के रूप में भी किया जा सकेगा, परन्तु जब ऐसी लघुकृत छुट्टी का उपभोग किया जाता है, तो अर्द्धवेतन छुट्टी की दुगनी मात्रा बाकी देय अर्द्धवेतन छुट्टी से विकलित की जायेगी।

1(इ). कुलपति, पांच वर्ष के पूर्ण कार्यकाल के दौरान, चिकित्सीय अथवा अन्य आधार पर, तीन माह की अधिकतम अवधि के लिए अवैतनिक असाधारण छुट्टी के लाभ का भी हकदार होगा।

2. यदि कुलपति आगामी कार्यकाल के लिए भी नियुक्त होता है, तो उपरिवर्णित छुट्टी अवधि प्रत्येक कार्यकाल के लिए पृथक से लागू होगी।

3. कुलपति, ऐसी छुट्टी की अवधि के दौरान, समान वेतन, मानदेय तथा भत्तों और ऐसी अन्य सेवा की सुविधाओं का हकदार होगा, जैसा कि प्रावधान किया गया है।

4. केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार के कार्य बुलावे, लोक सेवा अथवा किसी लोक कार्य के लिए विश्वविद्यालय की ओर से प्रतिनियुक्ति के कारण कुलपति की अनुपस्थिति की स्थिति में उपयोग की गई अवधि कर्त्तव्य पर मानी जायेगी।

5. जहां पर विश्वविद्यालय के कर्मचारी की कुलपति के रूप में नियुक्ति हुई हो, तो वह, कुलपति की नियुक्ति से पहले उसके खाते में कोई छुट्टी को अपने लिए उपलब्ध करने के लिए अनुज्ञात होगा। इसी प्रकार, कुलपति के पद त्याग पर तथा अपने पूर्व पद पर पुनः कार्यभार ग्रहण करने की स्थिति में वह नये पद पर जमा छुट्टियों को अग्रेनीत करने का हकदार होगा।

6. यह और कि उसे, ऐसी भविष्य निधि में, जिसका वह सदस्य है, उसमें अभिदाय करते रहने के लिए अनुज्ञात किया जा सकेगा और विश्वविद्यालय उस भविष्य निधि में उस व्यक्ति के खाते में, उसी दर से अभिदाय करेगा, जिसमें वह व्यक्ति कुलपति के रूप में अपनी नियुक्ति के ठीक पहले अभिदाय कर रहा था।

7. यदि किसी अन्य संस्था में नियोजित व्यक्ति प्रतिनियुक्ति पर कुलपति नियुक्त होता है, तो वह संस्था के प्रतिनियुक्ति नियमों के अनुसार वेतन, भत्तों, छुट्टी तथा छुट्टी वेतन का हकदार होगा, जिसका वह कुलपति के रूप में नियुक्ति से पहले हकदार था तथा वह उस पद पर धारणाधिकार रखने पर्यन्त तक हकदार रहेगा। विश्वविद्यालय उस संस्था को, जिसमें वह स्थायी रूप से नियोजित था तथा यथा अनुमन्य नियमों के अंतर्गत, छुट्टी वेतन, भविष्य निधि, पेंशन अभिदायों का भी भुगतान करेगा।

सुविधायें :–

1. कुलपति, जल, विद्युत तथा भाड़ा रहित सुसज्जित आवास सुविधा, फर्नीचर सहित, जैसा कि विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित किया गया हो, का हकदार होगा। उसके निवास परिसर का रख–रखाव विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा।

2. कुलपति, निःशुल्क अधिकारिक कार की सुविधा का भी हकदार होगा। वह सचल दूरभाष तथा अपने आवास पर निःशुल्क दूरभाष (एस.टी.डी. तथा आई.एस.डी. सहित) सुविधा का भी हकदार होगा।

3. कुलपति, अपने आवास पर एक रसोईया तथा दो परिचारकों का भी हकदार होगा।

अधिकार एवं कार्य :–

कुलपति, विश्वविद्यालय का मुख्य कार्यपालक तथा शैक्षणिक प्रमुख है तथा अन्य को सम्मिलित करते हुए उसके अधिकार तथा कर्त्तव्य निम्नलिखित होंगे :–

1. अधिनियम, परिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों के प्रावधानों का सम्यक रूप से पालन को सनिश्चित करना।

2. दैनन्दिनी कार्यों के लिए प्रतिकुलपति (यों), संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों तथा अन्य अधिकारियों, जो कि इस संबंध में स्पष्टतः निर्मित नियमों के आधार पर कार्य करेंगे, को अपने अधिकारों को प्रत्यायोजित करना।

3. यह सुनिश्चित करना कि अल्प अवधि के लिए अस्थायी पदो के सृजन तथा अवकाश स्वीकृति आदि से संबंधित दैनन्दिनी विषयों को सामान्यतः कार्य परिषद् के विचारार्थ न भेजा जाये।

4. संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, वार्डन आदि की नियुक्ति करना। तो भी, प्रतिकुलपति एवं कुलानुशासक की नियुक्ति अधिनियम तथा परिनियमों के प्रावधानों के अनुसार की जा सकती है।

5. यदि उसकी यह राय है कि विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी का कोई भी विनिश्चय इस अधिनियम, परिनियमों या अध्यादेशों के उपबंधों के अधिकारातीत है अथवा ऐसा विनिश्चय विश्वविद्यालय के हित में नहीं है तो उसे ऐसे विनिश्चय पर कार्यवाही न करने का अधिकार होगा। इन दोनों प्रकरणों में वह संबंधित प्राधिकारी को उस विनिश्चय के पुर्नविलोकन

करने के लिए कह सकेगा और यदि फिर भी मत भिन्नता हो, तो तत्काल उस मामले को कुलाध्यक्ष को निर्दिष्ट किया जायेगा, जिसका विनिश्चय अंतिम होगा तथा कुलपति को बंधनकारी होगा।

6. विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों, निकायों तथा समितियों के अध्यक्ष के रूप में उसको, किसी सदस्य को उस प्राधिकारी, निकाय अथवा समिति की बैठक से, सतत बाधा डालने के लिए, कार्यवाहियों को रोकने अथवा ऐसा व्यवहार, जो कि सदस्य के रूप में अवांछित हो में संलग्न होने के लिए, निलंबित करने का अधिकार होगा।

7. विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों के संबंध में समस्त अनुशासनिक अधिकार कुलपति में निहित होंगे। उसको, किसी कर्मचारी (अध्यापक तथा शैक्षणिक कर्मचारीवृंद के सदस्य) को निलंबित करने तथा उसके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रारम्भ करने का, अधिकार होगा। तो भी, कुलपति इन अधिकारों को अन्य अधिकारियों को प्रत्यायोजित कर सकेगा।

8. वह, निर्धारित समय पर विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के समुचित आयोजन एवं संचालन तथा उन परीक्षाओं के परिणामों के त्वरित प्रकाशन तथा विश्वविद्यालय के अकादमिक सत्र के समुचित दिनांक पर प्रारम्भ तथा अंत को सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा नियंत्रक के कृत्यों का पर्यवेक्षण करेगा।

9. आपात परिस्थितियों में किसी प्राधिकारी, जिसमें वह अधिकार निहित है, की ओर से वह कोई कार्रवाई कर सकेगा तथा उस मामले में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट उस प्राधिकारी को उसके अगले अधिवेशन में देगा।

10. वह अधिकारियों, शिक्षकों, स्टाफ तथा छात्रों को उत्तरदायित्वों के आबंटन तथा वांछित मानकों के विरूद्ध के निष्पादन के अंकेक्षण के लिए जिम्मेवार होगा।

11. व्यक्तियों (छात्रों तथा अकादमिक स्टाफ को सम्मिलित कर) का प्रबंधन, इस प्रकार कि उसका वृहद रूप से समाज पर सकारात्मक प्रभाव हो तथा ऐसे कृत, विकास की समग्र योजनाओं आदि के अनुरूप हों।

12. परिनियमों/अध्यादेशों में वर्णित सभी प्रशासकीय एवं वित्तीय शक्तियों का प्रयोग करना।

13. ऐस आदेश निर्गत करना तथा ऐसे उपाय करना जो कि उपरोक्त में से किसी के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक हों।

अध्यादेश क्रमांक — 36
प्रतिकुलपति की परिलब्धियॉं, सेवा के निबंधन और शर्तें तथा अधिकार और कार्य
[केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 — धारा 28(1)(ण) तथा परिनियम 4(3)]

प्रतिकुलपति निम्नानुसार वेतन प्राप्त करेगा :

1. वेतन : केन्द्रीय सरकार द्वारा समय–समय पर यथा अधिसूचित।

2. महंगाई तथा अन्य भत्ते : केन्द्रीय सरकार द्वारा समय–समय पर यथा निर्धारित।

   यह कि इस विश्वविद्यालय अथवा किसी अन्य संस्था/सरकार तथा उसके संगठनों में नियोजित कर्मचारी प्रतिकुलपति नियुक्त होता है तो वह उस संस्था की सेवानिवृत्ति लाभ योजनाओं (यथा– सामान्य भविष्य निधि/अंशदायी भविष्य निधि/पेंशन/उपदान/स्थानान्तरण यात्रा भत्ता) के समान सतत रूप से शासित होगा, जिसका वह प्रतिकुलपति के रूप में अपनी नियुक्ति के ठीक पहले हकदार था तथा वह उस पद पर धारणाधिकार रखने पर्यन्त तक हकदार रहेगा।

3. प्रतिकुलपति चिकित्सीय व्ययों की प्रतिपूर्ति का हकदार होगा, जो कि उसके स्वयं तथा उसके परिवार के सदस्यों के, विश्वविद्यालय द्वारा मान्य किसी भी मान्यता प्राप्त चिकित्सालय/नर्सिंग होम के निजी बाह्य रोगी विभाग/निजी वार्ड में, चिकित्सा उपचार कराने के लिए खर्च हुआ हो। चिकित्सालय/नर्सिंग होम की सूची भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सूची में से होनी चाहिए।

4. प्रतिकुलपति यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता के मद में, जो कि उसके स्वयं तथा उसके परिवार के सदस्यों पर, उसके गृह स्थान से कार्यस्थल तक तथा वापिसी पर, उसके पदभार ग्रहण तथा उसके कार्यकाल की समाप्ति पर पदभार त्याग, व्यय की प्रतिपूर्ति का हकदार होगा।

5. प्रतिकुलपति ऐसी दरों से, जो कार्य परिषद् द्वारा नियत की जाय, यात्रा भत्ते के लिए हकदार होगा, जो भारत सरकार के नियमों के अनुरूप हो तथा समान ग्रेड वेतन/अकादमिक ग्रेड वेतन के पद के समतुल्य होगा।

6. प्रतिकुलपति, जल, विद्युत तथा भाड़ा रहित सुसज्जित आवास सुविधा का हकदार होगा। उसके निवास परिसर का रख–रखाव विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा।

7. प्रतिकुलपति, अपने आवास तथा कार्यालय के मध्य की गई यात्राओं के लिए, निःशुल्क अधिकारिक कार की सुविधा का हकदार होगा। वह सचल दूरभाष तथा अपने आवास पर निःशुल्क दूरभाष (एस.टी.डी. तथा आई.एस.डी. सहित) सुविधा का भी हकदार होगा।

8. प्रतिकुलपति, अपने आवास पर एक परिचारक का हकदार होगा।

छुट्टी :–

(क). प्रतिकुलपति, किसी कैलेण्डर वर्ष में 30 दिन की दर से पूर्ण वेतन पर छुट्टी का हकदार होगा। छुट्टी, 15 दिन की दो अर्द्धवार्षिक किस्तों में प्रत्येक वर्ष जनवरी के प्रथम दिन तथा जुलाई के प्रथम दिन को अग्रिम रूप में उसके खाते में जमा कर दी जायेगी।

परन्तु यदि प्रतिकुलपति किसी आधे वर्ष के चालू रहने के दौरान प्रतिकुलपति का पदभार ग्रहण करता है अथवा पदत्याग करता है तो अनुपाततः सेवा के प्रत्येक सम्पूरित मास के लिए 2½ दिन की दर से छुट्टी को जमा किया जायेगा।

(ख). प्रतिकुलपति, के छुट्टी खाते में पूर्व अर्द्धवर्ष के अंत में जमा छुट्टी नये अर्द्धवर्ष में अग्रेनीत होगी, बशर्ते कि इस तरह अग्रेनीत छुट्टी तथा उस अर्द्धवर्ष के लिए जमा छुट्टी 300 दिन की अधिकतम सीमा को पार न करें।

(ग). प्रतिकुलपति, अपने पद के पदभार के त्याग करने पर, पदभार के त्याग करने के समय उसको पूर्ण वेतन पर देय छुट्टी के दिनों की संख्या के समतुल्य छुट्टी वेतन का हकदार होगा, बशर्ते यह सीमा 300 दिन, उसके द्वारा अन्यत्र लिया गया छुट्टी नगदीकरण लाभ को मिलाकर, से अधिक न हो।

(घ). प्रतिकुलपति, सेवा के प्रत्येक सम्पूरित वर्ष के लिए 20 दिन की दर से अर्द्धवेतन छुट्टी का भी हकदार होगा। अर्द्धवेतन छुट्टी का उपभोग चिकित्सीय प्रमाण पत्र के आधार पर पूर्ण वेतन पर लघुकृत छुट्टी के रूप में भी किया जा सकेगा, परन्तु जब ऐसी लघुकृत छुट्टी का उपभोग किया जाता है, तो अर्द्धवेतन छुट्टी की दुगनी मात्रा बाकी देय अर्द्धवेतन छुट्टी से विकलित की जायेगी।

(ङ). यदि प्रतिकुलपति आगामी कार्यकाल के लिए भी नियुक्त होता है, तो उपरिवर्णित छुट्टी अवधि प्रत्येक कार्यकाल के लिए पृथक से लागू होगी।

(च) प्रतिकुलपति, ऐसी छुट्टी की अवधि के दौरान, समान वेतन, मानदेय तथा भत्तों और ऐसी अन्य सेवा की सुविधाओं का हकदार होगा, जैसा कि प्रावधान किया गया है।

(छ) केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार के कार्य बुलावे, लोक सेवा अथवा किसी लोक कार्य के लिए विश्वविद्यालय की ओर से प्रतिनियुक्ति के कारण प्रतिकुलपति की अनुपस्थिति की स्थिति में उपयोग की गई अवधि कर्त्तव्य पर मानी जायेगी।

(ज) जहां पर विश्वविद्यालय के कर्मचारी की प्रतिकुलपति के रूप में नियुक्ति हुई हो, तो वह, प्रतिकुलपति की नियुक्ति से पहले उसके खाते में कोई छुट्टी को अपने लिए उपलब्ध करने के लिए अनुज्ञात होगा। इसी प्रकार, प्रतिकुलपति के पद त्याग पर तथा अपने पूर्व पद पर पुनः कार्यभार ग्रहण करने की स्थिति में वह नये पद पर जमा छुट्टियों को अग्रेनीत करने का हकदार होगा।

यह और कि उसे, ऐसी भविष्य निधि में, जिसका वह सदस्य है, उसमें अभिदाय करते रहने के लिए अनुज्ञात किया जा सकेगा और विश्वविद्यालय उस भविष्य निधि में उस व्यक्ति के खाते में, उसी दर से अभिदाय करेगा, जिसमें वह व्यक्ति प्रतिकुलपति के रूप में अपनी नियुक्ति के ठीक पहले अभिदाय कर रहा था।

(झ) यदि किसी अन्य संस्था में नियोजित व्यक्ति प्रतिनियुक्ति पर प्रतिकुलपति नियुक्त होता है, तो वह संस्था के प्रतिनियुक्ति नियमों के अनुसार वेतन, भत्तों, छुट्टी तथा छुट्टी वेतन का हकदार होगा, जिसका वह प्रतिकुलपति के रूप में नियुक्ति से पहले हकदार था तथा वह उस पद पर धारणाधिकार रखने पर्यन्त तक हकदार रहेगा। विश्वविद्यालय उस संस्था को, जिसमें वह स्थायी रूप से नियोजित था तथा यथा अनुमन्य नियमों के अंतर्गत, छुट्टी वेतन, भविष्य निधि, पेंशन अभिदायों का भी भुगतान करेगा।

अधिकार एवं कार्य :–

प्रतिकुलपति, कुलपति की ऐसे विषयों के संबंध में सहायता करेगा, जो इस निमित्त कुलपति द्वारा समय–समय पर विनिर्दिष्ट किये जाये तथा ऐसी शक्तियों का प्रयोग तथा ऐसे कर्तव्यों का पालन भी करेगा, जो कुलपति द्वारा उसे सौंपे अथवा प्रत्यायोजित किये जाएं।

अध्यादेश क्रमांक – 37
कुलसचिव की परिलब्धियॉं, सेवा के निबंधन और शर्तें तथा अधिकार और कार्य
[केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 – धारा 28(1)(ण) तथा परिनियम 6(3)]

01. कुलसचिव, पूर्णकालिक वैतनिक अधिकारी होगा, की नियुक्ति कार्य परिषद् द्वारा सीधी भर्ती के आधार पर इस प्रयोजन के लिए गठित चयन समिति की सिफारिश पर, पांच वर्ष की अवधि के लिए की जायेगी और वह कार्य परिषद् द्वारा (चयन प्रक्रिया के सम्यक पालन उपरान्त) समान शर्तों के लिए पुनर्नियुक्त किया जा सकता है तथा उसका, समय–समय पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा सिफारिश किये गये तथा कार्य परिषद् द्वारा अंगीकृत किये गये वेतनमान में स्थानन होगा।

परन्तु कुलसचिव 62 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने पर सेवानिवृत्त हो जायेगा।

यह कि इस विश्वविद्यालय अथवा किसी अन्य संस्था/सरकार तथा उसके संगठनों में नियोजित कर्मचारी कुलसचिव नियुक्त होता है तो वह उस संस्था की सेवानिवृत्ति लाभ योजनाओं (यथा– सामान्य भविष्य निधि/अंशदायी भविष्य निधि/पेंशन/उपदान/स्थानान्तरण यात्रा भत्ता) के समान सतत रूप से शासित होगा, जिसका वह कुलसचिव के रूप में अपनी नियुक्ति के ठीक पहले हकदार था तथा वह उस पद पर धारणाधिकार रखने पर्यन्त तक हकदार रहेगा।

02. कुलसचिव की सेवा के निबंधन और शर्तें ऐसी होंगी, जैसी कि विश्वविद्यालय के गैर अवकाशकालीन कर्मचारियों के लिए विहित की जाएं।

03. जब कुलसचिव का पद रिक्त है अथवा जब कुलसचिव रूग्णता, अनुपस्थिति के कारण या किसी अन्य कारण से अपने पद के कर्त्तव्यों का पालन करने में असमर्थ है, तब तक उस पद के कर्त्तव्यों का पालन ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जायेगा जिसे कुलपति उस प्रयोजन के लिए नियुक्त करें।

04. यदि कुलसचिव की सेवायें सरकार अथवा किसी अन्य संगठन/संस्था से उधार ली गई हो, तो उसकी सेवा के निबंधन और शर्तें भारत सरकार के प्रतिनियुक्ति नियमों के द्वारा शासित होंगी।

05. प्रतिनियुक्ति पर कुलसचिव को, कुलपति की सिफारिश पर कार्य परिषद् द्वारा, अनुबंधित अवधि से पहले समप्रत्यावर्तित किया जा सकेगा।

06. कुलसचिव गैर—सुसज्जित आवास सुविधा का हकदार होगा। जिसके लिए वह निर्धारित लाईसेंस शुल्क देगा तथा वह सचल दूरभाष तथा अपने आवास पर निःशुल्क दूरभाष (एस.टी.डी. तथा आई.एस.डी. सहित) सुविधा का भी हकदार होगा।

07. कुलसचिव, ऐसे अवकाश, भत्तों, भविष्य निधि तथा अन्य सेवान्त लाभों, जो कि समय—समय पर विश्वविद्यालय द्वारा अपने गैर अवकाशकालीन कर्मचारियों के लिए विहित की गई हो, का हकदार होगा।

08. कुलसचिव, अपने आवास तथा कार्यालय के मध्य स्टाफ कार की सुविधा का हकदार होगा।

उत्तरदायित्व तथा कर्त्तव्य :

01. कुलसचिव को, अध्यापकों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारीवृन्दों को छोड़कर, ऐसे कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने की जो कार्य परिषद् के आदेश में विनिर्दिष्ट किये जाएं तथा जांच होने तक उन्हें निलंबित करने, उन्हें चेतावनी देने या उन पर परिनिन्दा की या वेतन वृद्धि रोकने की शास्ति अधिरोपित करने की शक्ति होगी।

क) परन्तु ऐसी कोई शास्ति तब तक अधिरोपित नहीं की जायेगी, जब तक व्यक्ति को उसके संबंध में की जाने वाली प्रस्थापित कार्रवाई के विरूद्ध कारण बताने का उचित अवसर नहीं दे दिया गया हो।

ख) उप—कंडिका (क) में विनिर्दिष्ट कोई शास्ति अधिरोपित करने के कुलसचिव के आदेश के विरूद्ध अपील कुलपति को होगी।

ग) ऐसे मामलों में, जहां जांच से यह प्रगट हो कि कुलसचिव की शक्ति के बाहर का कोई दण्ड अपेक्षित है वहां, कुलसचिव, जांच के पूरा होने पर कुलपति को अपनी सिफारिशों सहित एक रिपोर्ट देगा।

परन्तु शास्ति अधिरोपित करने के कुलपति के आदेश के विरूद्ध अपील कार्य परिषद को होगी।

02. कुलसचिव, कार्य परिषद् और विद्या परिषद् का पदेन सचिव होगा, किन्तु यह इन प्राधिकारियों में से किसी भी प्राधिकारी का सदस्य नहीं समझा जायेगा और वह सभा का पदेन सदस्य सचिव होगा।

03. कुलसचिव का यह कर्त्तव्य होगा कि वह

क) विश्वविद्यालय के अभिलेख, सामान्य मुद्रा और ऐसी अन्य सम्पत्तियों को, जो कार्य परिषद् उसके भार साधन में सौंपे, अभिरक्षा में रखे ;

ख) सभा, कार्य परिषद्, विद्या परिषद् और उन प्राधिकारियों द्वारा नियुक्त किन्हीं समितियों के अधिवेशन बुलाने की सभी सूचनायें निर्गत करें ;

ग) सभा, कार्य परिषद्, विद्या परिषद् के और उन प्राधिकारियों द्वारा नियुक्त किन्हीं समितियों के सभी अधिवेशनों के कार्यवृत्त रखे ;

घ) सभा, कार्य परिषद् तथा विद्या परिषद् के अधिकारिक पत्र व्यवहार करे ;

ड.) कुलाध्यक्ष को विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों के अधिवेशनों की कार्य सूची की प्रतियां, जैसे ही वे जारी की जाएं और इन अधिवेशनों के कार्यवृत्त दे ;

च) विश्वविद्यालय द्वारा या उसके विरूद्ध वादों या कार्यवाहियों में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करें, मुख्तारनामों पर हस्ताक्षर करें तथा अभिवचनों को सत्यापित करे या इस प्रयोजन के लिए अपना प्रतिनिधि प्रतिनियुक्त करें ;

छ) ऐसे अन्य कर्त्तव्यों का पालन करे जो परिनियमों, अध्यादेशों या विनियमों में विनिर्दिष्ट किये जाएं अथवा जिनकी कार्य परिषद् या कुलपति द्वारा, समय—समय पर अपेक्षा की जाएं।

अध्यादेश क्रमांक — 38
वित्त अधिकारी की परिलब्धियाँ, सेवा के निबंधन और शर्तें
[केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 — धारा 28(1)(ण) तथा परिनियम 7(3)]

01. वित्त अधिकारी, पूर्णकालिक वैतनिक अधिकारी होगा, की नियुक्ति कार्य परिषद् द्वारा सीधी भर्ती के आधार पर इस प्रयोजन के लिए गठित चयन समिति की सिफारिश पर, पांच वर्ष की अवधि के लिए की जायेगी और वह कार्य परिषद् द्वारा (चयन प्रक्रिया के सम्यक पालन उपरान्त) समान शर्तों के लिए पुनर्नियुक्त किया जा सकता है तथा उसका, समय—समय पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा सिफारिश किये गये तथा कार्य परिषद् द्वारा अंगीकृत किये गये वेतनमान में स्थानन होगा।

परन्तु, यदि वित्त अधिकारी, किसी संगठन/लेखा/अंकेक्षण सेवा/संवर्ग से प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्त होता है तो उसका वेतन उस संस्था, जिससे वह संबंध रखता है, के सेवा प्रतिनियुक्ति नियमों, उस पर यथा ग्राह्य, के अनुसार होगा।

परन्तु वित्त अधिकारी 62 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने पर सेवानिवृत्त हो जायेगा।

02. यह कि इस विश्वविद्यालय अथवा किसी अन्य संस्था/सरकार तथा उसके संगठनों में नियोजित कर्मचारी वित्त अधिकारी नियुक्त होता है तो वह उस संस्था की सेवानिवृत्ति लाभ योजनाओं (यथा– सामान्य भविष्य निधि/अंशदायी भविष्य निधि/पेंशन/उपदान/स्थानान्तरण यात्रा भत्ता) के समान सतत रूप से शासित होगा, जिसका वह वित्त अधिकारी के रूप में अपनी नियुक्ति के ठीक पहले हकदार था तथा वह उस पद पर धारणाधिकार रखने पर्यन्त तक हकदार रहेगा।

03. जब वित्त अधिकारी का पद रिक्त है अथवा जब वित्त अधिकारी रुग्णता, अनुपस्थिति के कारण या किसी अन्य कारण से अपने पद के कर्त्तव्यों का पालन करने में असमर्थ है, तब तक उस पद के कर्त्तव्यों का पालन ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जायेगा जिसे कुलपति उस प्रयोजन के लिए नियुक्त करें।

04. वित्त अधिकारी की सेवा के निबंधन और शर्तें वे होंगी, जो कि विश्वविद्यालय के गैर अवकाशकालीन कर्मचारियों के लिए विहित की जाएं।

05. यदि वित्त अधिकारी की सेवायें सरकार अथवा किसी अन्य संगठन/संस्था से उधार ली गई हो, तो उसकी सेवा के निबंधन और शर्तें भारत सरकार के प्रतिनियुक्ति नियमों के द्वारा शासित होंगी।

06. प्रतिनियुक्ति पर वित्त अधिकारी को, कुलपति की सिफारिश पर कार्य परिषद् द्वारा, अनुबंधित अवधि से पहले समप्रत्यावर्तित किया जा सकेगा।

07. वित्त अधिकारी गैर–सुसज्जित आवास सुविधा का हकदार होगा। जिसके लिए वह निर्धारित लाईसेंस शुल्क देगा तथा वह सचल दूरभाष तथा अपने आवास पर निःशुल्क दूरभाष (एस.टी.डी. तथा आई.एस.डी. सहित) सुविधा का भी हकदार होगा।

08. वित्त अधिकारी, ऐसे अवकाश, भत्तों, भविष्य निधि तथा अन्य सेवान्त लाभों, जो कि समय–समय पर विश्वविद्यालय द्वारा अपने गैर अवकाशकालीन कर्मचारियों के लिए विहित की गई हो, का हकदार होगा।

09. वित्त अधिकारी अपने आवास तथा कार्यालय के मध्य स्टाफ कार की सुविधा का हकदार होगा।

उत्तरदायित्व तथा कर्त्तव्य :

वित्त अधिकारी, वित्त समिति का पदेन सचिव होगा, किन्तु वह ऐसी समिति का सदस्य नहीं समझा जायेगा।

01. वित्त अधिकारी,

क) विश्वविद्यालय की निधियों का साधारण पर्यवेक्षण करेगा और उसकी वित्तीय नीति के संबंध में उसे सलाह देगा; तथा

ख) ऐसे अन्य वित्तीय कृत्यों का पालन करेगा जो उसे कार्य परिषद् द्वारा सौंपे जाएं या जो परिनियमों या अध्यादेशों द्वारा निहित किये जाएं ;

ग) कार्य परिषद् के नियंत्रण के अधीन रहते हुए, वित्त अधिकारी

i) विश्वविद्यालय की सम्पत्ति और विनिधानों को, जिसके अंतर्गत न्यास और विन्यास की सम्पत्ति भी है, धारण करेगा और उसका प्रबंधन करेगा ;

ii) यह सुनिश्चित करेगा कि कार्य परिषद् द्वारा एक वर्ष के लिए नियत आवर्ती और अनावर्ती व्यय की सीमाओं से अधिक व्यय न किया जाएं और सभी धन का व्यय उसी प्रयोजन के लिए किया जाय, जिसके लिए वह मंजूर या आबंटित किया गया है ;

iii) विश्वविद्यालय के वार्षिक लेखा और बजट तैयार किये जाने और उनको कार्य परिषद् को प्रस्तुत करने के लिए उत्तरदायी होगा ;

iv) नगद और बैंक अतिशेषों तथा विनिधानों की स्थिति पर बराबर नजर रखेगा ;

v) राजस्व के संग्रहण की प्रगति पर नजर रखेगा और संग्रहण करने के लिए अपनाये जाने वाले तरीकों के विषय में सलाह देगा ;

vi) यह सुनिश्चित करेगा कि भवन, भूमि, फर्नीचर तथा उपस्कर के रजिस्टर अद्यतन रखे जाएं तथा सभी कार्यालयों, विभागों, केन्द्रों तथा विशेषित प्रयोगशालाओं के उपस्कर तथा अन्य उपयोज्य सामग्री के स्टॉक की जांच की जाये ;

vii) अप्राधिकृत व्यय और अन्य वित्तीय अनियमितताओं को कुलपति की जानकारी में लायेगा तथा व्यतिक्रमी व्यक्तियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई का सुझाव देगा ; तथा

viii) विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे किसी कार्यालय, विभाग, केन्द्र, प्रयोगशाला, महाविद्यालय या संस्था से कोई ऐसी जानकारी या विवरणियां मांगेगा जो वह अपने कर्त्तव्यों के पालन के लिए आवश्यक समझे ;

02. वित्त अधिकारी की या कार्य परिषद् द्वारा इस निमित्त सम्यक रूप से प्राधिकृत व्यक्ति या व्यक्तियों की विश्वविद्यालय को देय किसी धन के बारे में रसीद, उस धन के संदाय के लिए पर्याप्त उन्मोचन होगी।

IndiaCode

अध्यादेश क्रमांक — 39
परीक्षा नियंत्रक की परिलब्धियॉं, सेवा के निबंधन और शर्तें
[केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 — धारा 28(1)(ण) तथा परिनियम 8(3)]

01. परीक्षा नियंत्रक, पूर्णकालिक वैतनिक अधिकारी होगा, की नियुक्ति कार्य परिषद् द्वारा सीधी भर्ती के आधार पर इस प्रयोजन के लिए गठित चयन समिति की सिफारिश पर, पांच वर्ष की अवधि के लिए की जायेगी और वह कार्य परिषद् द्वारा (चयन प्रक्रिया के सम्यक पालन उपरान्त) समान शर्तों के लिए पुनर्नियुक्त किया जा सकता है तथा उसका, समय—समय पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा सिफारिश किये गये तथा कार्य परिषद् द्वारा अंगीकृत किये गये वेतनमान में स्थानन होगा।

परन्तु, यदि परीक्षा नियंत्रक, किसी संगठन से प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्त होता है तो उसका वेतन उस संस्था, जिससे वह संबंध रखता है, के सेवा प्रतिनियुक्ति नियमों, उस पर यथा ग्राह्य, के अनुसार होगा।

परन्तु परीक्षा नियंत्रक 62 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने पर सेवानिवृत्त हो जायेगा।

02. यह कि इस विश्वविद्यालय अथवा किसी अन्य संस्था/सरकार तथा उसके संगठनों में नियोजित कर्मचारी परीक्षा नियंत्रक नियुक्त होता है तो वह उस संस्था की सेवानिवृत्ति लाभ योजनाओं (यथा— सामान्य भविष्य निधि/अंशदायी भविष्य निधि/पेंशन/उपदान/स्थानान्तरण यात्रा भत्ता) के समान सतत रूप से शासित होगा, जिसका वह परीक्षा नियंत्रक के रूप में अपनी नियुक्ति के ठीक पहले हकदार था तथा वह उस पद पर धारणाधिकार रखने पर्यन्त तक हकदार रहेगा।

03. परीक्षा नियंत्रक की सेवा के निबंधन और शर्तें वे होंगी, जो कि विश्वविद्यालय के गैर अवकाशकालीन कर्मचारियों के लिए विहित की जाएं।

04. यदि परीक्षा नियंत्रक की सेवायें सरकार अथवा किसी अन्य संगठन/संस्था से उधार ली गई हो, तो उसकी सेवा के निबंधन और शर्तें भारत सरकार के प्रतिनियुक्ति नियमों के द्वारा शासित होंगी।

05. जब परीक्षा नियंत्रक का पद रिक्त है अथवा जब परीक्षा नियंत्रक रूग्णता, अनुपस्थिति के कारण या किसी अन्य कारण से अपने पद के कर्त्तव्यों का पालन करने में असमर्थ है, तब तक उस पद के कर्त्तव्यों का पालन ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जायेगा जिसे कुलपति उस प्रयोजन के लिए नियुक्त करे।

06. प्रतिनियुक्ति पर परीक्षा नियंत्रक को, कुलपति की सिफारिश पर कार्य परिषद् द्वारा, अनुबंधित अवधि से पहले समप्रत्यावर्तित किया जा सकेगा।

07. परीक्षा नियंत्रक गैर—सुसज्जित आवास सुविधा का हकदार होगा। जिसके लिए वह निर्धारित लाईसेंस शुल्क देगा तथा वह सचल दूरभाष तथा अपने आवास पर निःशुल्क दूरभाष (एस.टी.डी. तथा आई.एस.डी. सहित) सुविधा का भी हकदार होगा।

08. परीक्षा नियंत्रक, ऐसे अवकाश, भत्तों, भविष्य निधि तथा अन्य सेवान्त लाभों, जो कि समय—समय पर विश्वविद्यालय द्वारा अपने गैर अवकाशकालीन कर्मचारियों के लिए विहित की गई हो, का हकदार होगा।

09. परीक्षा नियंत्रक अपने आवास तथा कार्यालय के मध्य स्टाफ कार की सुविधा का हकदार होगा।

उत्तरदायित्व तथा कर्त्तव्य :

परीक्षा नियंत्रक, अधिनियम, परिनियमों तथा अध्यादेशों के उपबंधों के अधीन रहते हुए, परीक्षाओं के संचालन के लिए व्यवस्थाओं से संबंधित कर्त्तव्यों तथा ऐसे कर्त्तव्यों एवं कृत्यों, जो कि समय—समय पर कार्य परिषद्/कुलपति द्वारा उसे सौंपे जाएं, का पालन करेगा।

अध्यादेश क्रमांक — 40
पुस्तकालयाध्यक्ष की परिलब्धियॉं, सेवा के निबंधन और शर्तें
[केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 — धारा 28(1)(ण)]

01. पुस्तकालयाध्यक्ष, पूर्णकालिक वैतनिक अधिकारी होगा, की नियुक्ति सीधी भर्ती के आधार पर इस प्रयोजन के लिए गठित चयन समिति की सिफारिश पर कार्य परिषद् द्वारा की जायेगी तथा उसका, समय—समय पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा सिफारिश किये गये तथा कार्य परिषद् द्वारा अंगीकृत किये गये वेतनमान में स्थानन होगा।

परन्तु, यदि पुस्तकालयाध्यक्ष, किसी संगठन से प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्त होता है तो उसका वेतन उस संस्था, जिससे वह संबंध रखता है, के सेवा प्रतिनियुक्ति नियमों, उस पर यथा ग्राह्य, के अनुसार होगा।

परन्तु पुस्तकालयाध्यक्ष 62 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने पर सेवानिवृत्त हो जायेगा।

02. यह कि इस विश्वविद्यालय अथवा किसी अन्य संस्था/सरकार तथा उसके संगठनों में नियोजित कर्मचारी पुस्तकालयाध्यक्ष नियुक्त होता है तो वह उस संस्था की सेवानिवृत्ति लाभ योजनाओं (यथा— सामान्य भविष्य निधि/अंशदायी भविष्य निधि/पेंशन/उपदान/ स्थानान्तरण यात्रा भत्ता) के समान सतत रूप से शासित होगा, जिसका वह पुस्तकालयाध्यक्ष के रूप में अपनी नियुक्ति के ठीक पहले हकदार था तथा वह उस पद पर धारणाधिकार रखने पर्यन्त तक हकदार रहेगा।

03. पुस्तकालयाध्यक्ष की सेवा के निबंधन और शर्तें वे होंगी, जो कि विश्वविद्यालय के गैर अवकाशकालीन कर्मचारियों के लिए विहित की जाएं।

04. यदि पुस्तकालयाध्यक्ष की सेवायें सरकार अथवा किसी अन्य संगठन/संस्था से उधार ली गई हो, तो उसकी सेवा के निबंधन और शर्तें भारत सरकार के प्रतिनियुक्ति नियमों के द्वारा शासित होंगी।

05. जब पुस्तकालयाध्यक्ष का पद रिक्त है अथवा जब पुस्तकालयाध्यक्ष रूग्णता, अनुपस्थिति के कारण या किसी अन्य कारण से अपने पद के कर्त्तव्यों का पालन करने में असमर्थ है, तब तक उस पद के कर्त्तव्यों का पालन ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जायेगा जिसे कुलपति उस प्रयोजन के लिए नियुक्त करे।

06. प्रतिनियुक्ति पर पुस्तकालयाध्यक्ष को, कुलपति की सिफारिश पर कार्य परिषद् द्वारा, अनुबंधित अवधि से पहले समप्रत्यावर्तित किया जा सकेगा।

07. पुस्तकालयाध्यक्ष गैर–सुसज्जित आवास सुविधा का हकदार होगा। जिसके लिए वह निर्धारित लाईसेंस शुल्क देगा तथा वह सचल दूरभाष तथा अपने आवास पर निःशुल्क दूरभाष (एस.टी.डी. सुविधा सहित) सेवा का भी हकदार होगा।

08. पुस्तकालयाध्यक्ष, ऐसे अवकाश, भत्तों, भविष्य निधि तथा अन्य सेवान्त लाभों, जो कि समय–समय पर विश्वविद्यालय द्वारा अपने गैर अवकाशकालीन कर्मचारियों के लिए विहित की गई हो, का हकदार होगा।

उत्तरदायित्व तथा कर्त्तव्य :

पुस्तकालयाध्यक्ष ऐसी शक्तियों का प्रयोग एवं ऐसे कर्त्तव्यों का पालन करेगा जो उसे कार्य परिषद् द्वारा सौंपे जाएं।

अध्यादेश क्रमांक – 41

कुलानुशासक की शक्तियां एवं कार्य

[केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 – धारा 28(1)(ण) तथा परिनियम 28(2)]

01. कुलानुशासक, की नियुक्ति विश्वविद्यालय के शिक्षकों, सह–आचार्य के पद से नीचे नहीं हो, में से कार्य परिषद् द्वारा की जायेगी तथा छात्रों के मध्य अनुशासन बनाये रखने के संबंध में ऐसी शक्तियों का प्रयोग और कर्त्तव्यों का पालन करेगा, जैसा उसे कुलपति द्वारा प्रत्यायोजित/सौंपे जाएं।

    उपरिसंदर्भित ''छात्रों'' से विश्वविद्यालय के नियमित, स्वाध्यायी/पूर्व छात्र अभिप्रेत है, जो अध्ययन विभाग/छात्रावास/केन्द्र/अध्ययन विद्यालय की नामावली पंजी में दर्ज है।

02. कुलानुशासक, तीन वर्ष की अवधि के लिए पद ग्रहण करेगा तथा पुनर्नियुक्ति के लिए हकदार होगा।

03. कुलानुशासक, को ऐसी शक्तियां होंगी जैसी उसे कुलपति द्वारा प्रत्यायोजित की जाएं।

04. कुलानुशासक, ऐसे भत्तों तथा सुविधाओं, जैसी समय–समय पर कार्य परिषद् द्वारा अनुमोदित की जाएं, का हकदार होगा।

05. कुलानुशासक, अनुशासन समिति का सचिव होगा तथा उस समिति के अधिवेशनों को आहूत करेगा।

06. कुलानुशासक की सहायता के लिए उप–कुलानुशासक तथा सहायक कुलानुशासक, तीन वर्ष की पदावधि के लिए कुलपति द्वारा नियुक्त, होंगे।

07. उप–कुलानुशासक तथा सहायक कुलानुशासक, ऐसे भत्तों तथा सुविधाओं, जैसी समय–समय पर कार्य परिषद् द्वारा अनुमोदित की जाएं, के हकदार होंगे।

08. कुलानुशासक को किसी अनुशासन भंग के संज्ञान लेने तथा यदि परिस्थितियों में ऐसा अपेक्षित हो तो ऐसे प्रकरणों में त्वरित अनुशासनिक कार्रवाई करने की शक्ति होगी।

09. कुलानुशासक :

    i) छात्र समुदाय में प्रचलित अनुशासनिक वातावरण का अनुवीक्षण करेगा ;

    ii) कतिपय कृत्यों को विनियमित करने तथा व्यैक्तिक या सामूहिक अनुशासनहीनता को पहले से ही रोकने के प्रबंध के उद्देश्य हेतु अन्य व्यवस्थायें करने के लिए सूचनाओं, चेतावनियों, निर्देशों को निर्गत करने जैसे निवाराणात्मक कदम उठायेगा ;

    iii) अनुशासनहीनता की घटनाओं के बारे में प्रासंगिक तथ्यों का संग्रहण, साक्ष्यों का मूल्यांकन तथा गलती करने वाले छात्रों पर लागू होने वाले दण्ड की मात्रा का निर्णय/अनुशंसा करेगा। जिस–जिस समय आवश्यक समझा जाये, कुलानुशासक सुसंगत जानकारियों को कुलपति या अनुशासन समिति के समक्ष उनके निर्णय के लिए प्रस्तुत करेगा ; तथा

    iv) छात्रों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाहियों से संबंधित आदेश निर्गत करेगा।

10. कुलानुशासक, अध्ययन विद्यालय में साईकिल/स्कूटर स्टैण्ड के रख–रखाव के लिए, व्यवस्था करेगा।

11. कुलानुशासक, विश्वविद्यालय परिसर में कानून–व्यवस्था से संबंधित प्रकरणों में स्थानीय प्रशासन से सम्पर्क बनाये रखेगा।

12. कुलानुशासक को शक्तियां होंगी –

